संख्या.19/01/2020-गो-1/1

कर्मचारी चयन आयोग

गोपनीय-I/I

******

कनिष्ठ अभियंता (सिविल, वैद्युत, यांत्रिकी और गुणवत्ता सर्वेक्षण एवं संविदा) परीक्षा, 2020- अभ्यर्थियों को शॉर्ट-लिस्ट कर दस्तावेज सत्यापन हेतु बुलाने के लिए प्रश्न-पत्र-II के परिणाम की घोषणा।

******

कनिष्ठ अभियंता (सिविल, वैद्युत, यांत्रिकी और गुणवत्ता सर्वेक्षण एवं संविदा) परीक्षा, 2020 के प्रश्नपत्र-। का परिणाम दिनांक 30.06.2021 को घोषित किया गया था। उक्त परीक्षा के प्रश्न-पत्र-I के परिणाम के आधार पर, 5711 अभ्यर्थियों (सिविल: 3826 एवं वैद्युत/ यांत्रिकी:1885) ने प्रश्न-पत्र-II में बैठने के लिए अर्हता-प्राप्त की थी। प्रश्न-पत्र-II की परीक्षा दिनांक 26.09.2021 को आयोजित की गई थी।

2. परीक्षा-विज्ञप्ति के पैरा-17.1 के अनुसार, प्रश्न-पत्र-II के लिए न्यूनतम अर्हक अंक निम्नानुसार निर्धारित किए गए है:-

श्रेणी	अंकों का प्रतिशत
अनारक्षित	30%
आ.क.व./ अ.पि.व.	25%
अन्य सभी श्रेणियाँ	20%

3. आयोग द्वारा निर्धारित कट-ऑफ अंक (प्रश्न-पत्र-I + प्रश्न-पत्र-II) के आधार पर दस्तावेज सत्यापन के लिए अर्हताप्राप्त अभ्यर्थियों का ब्योरा निम्नानुसार है:-

I. सिविल अभियांत्रिकी:

श्रेणी	कट ऑफ अंक (प्रश्नपत्र-1 + प्रश्नपत्र-2)	उपलब्ध अभ्यर्थी
अजा	201.59617	239
अजजा	188.11154	144
अपिव	234.28895	508
आकव	229.58090	221
अना.	257.84954	150*
अ.दि.	150.23410	21
श्र.दि.	137.52883	11
योग	____	**1294**

*इसके अतिरिक्त, अना. कट-ऑफ पर अर्हक 34 अजा., 14 अजजा., 279 अपिव एवं 89 आकव अभ्यर्थियों को उनकी संबंधित श्रेणियों में दिखाया गया है।

II. वैद्युत/ यांत्रिकी अभियांत्रिकी:

श्रेणी	कट ऑफ अंक (प्रश्नपत्र-1 + प्रश्नपत्र-2)	उपलब्ध अभ्यर्थी
अजा	260.09743	119
अजजा	240.89478	69
अपिव	325.43373	158
आकव	288.42387	110

अना.	334.19077	80*
अ.दि.	194.19727	24
श्र.दि.	178.01915	11
योग	----	**571**

*इसके अतिरिक्त, अना. कट-ऑफ पर अर्हक 21 अजा., 09 अजजा., 128 अपिव एवं 49 आकव अभ्यर्थियों को उनकी संबंधित श्रेणियों में दिखाया गया है ।

3. यहां दी गई सूचियां अनंतिम हैं। जिन अभ्यर्थियों के अनुक्रमांक सूची में दिए गए हैं, उन्हें दस्तावेज सत्यापन के लिए बुलाया जाएगा। परिणाम में शामिल सभी अर्हक अभ्यर्थियों को दस्तावेज सत्यापन में उपस्थित होना होगा। जो अभ्यर्थी दस्तावेज सत्यापन के लिए उपस्थित नहीं होते हैं, अंतिम चयन के लिए उनके नाम पर विचार नहीं किया जाएगा।

4. दस्तावेज सत्यापन का आयोजन जल्द ही किया जाएगा और इसके कार्यक्रम की घोषणा नियत समय पर की जाएगी। दस्तावेज सत्यापन में शामिल होने वाले अर्हक अभ्यर्थियों का प्रवेश-पत्र, संबंधित क्षेत्रीय कार्यालयों की वेबसाइटों पर दस्तावेज सत्यापन शुरू होने से पहले अपलोड कर दिया जाएगा। जो अभ्यर्थी अपना प्रवेश-पत्र डाउनलोड नहीं कर पा रहें हों, वे तत्काल संबंधित क्षेत्रीय कार्यालयों से संपर्क कर सकते हैं। प्रवेश-पत्र डाउनलोड सुनिश्चित करने का दायित्व पूरी तरह से अभ्यर्थियों का है।

5. अर्हताप्राप्त तथा गैर-अर्हताप्राप्त अभ्यर्थियों के अंक आयोग की वेबसाइट पर दिनांक **04.03.2022** को प्रदर्शित किए जाएंगे। अभ्यर्थी अपनी पंजीकरण संख्या एवं पंजीकृत पासवर्ड का उपयोग करने के पश्चात अभ्यर्थी डैशबोर्ड के परिणाम/अंक लिंक पर क्लिक करके अपने-अपने अंक दिनांक **04.03.2022** से **31.03.2022** तक देख सकते हैं।

अवर सचिव (गोपनीय-1/1)
25.02.2022